भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1807
(10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

बेलगावी में पीएमजीएसवाई

1807. श्री जगदीश शट्टर:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा कर्नाटक के बेलगावी जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के नए चरण के तहत सड़क निर्माण/सुधार के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) एवं (ख) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की शुरुआत वर्ष 2000 में देश की पात्र संपर्कविहीन बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करने हेतु एकबारगी विशेष प्रावधान के रूप में की गई थी। पीएमजीएसवाई -IV के नए चरण की शुरुआत जनगणना 2011 के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में 500 से अधिक, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में, विशेष श्रेणी के क्षेत्रों (जनजातीय अनुसूची V आकांक्षी जिले/ब्लॉक, रेगिस्तानी क्षेत्र) में 250 से अधिक और 9 राज्यों में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों (गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचित क्षेत्रों) में 100 से अधिक आबादी वाली लगभग 25,000 संपर्कविहीन बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करने हेतु 62,500 किलोमीटर के बारहमासी (एकल लेन) सड़कों का निर्माण करने के लिए की गई थी। पीएमजीएसवाई के चरण- IV का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2024–2025 से 2028–2029 तक किया जा रहा है। केंद्र सरकार , पीएमजीएसवाई-IV के अंतर्गत कर्नाटक सहित राज्यों से प्रस्तावों की प्रस्तुति को सुगम बनाने के लिए राज्यों के साथ तत्परता से समन्वय में कार्य कर रही है।

अभी तक कर्नाटक राज्य ने पीएमजीएसवाई- IV के तहत कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्ताव नहीं भेजा है।

पीएमजीएसवाई-IV के तहत कर्नाटक राज्य द्वारा किए गए बसावटों के सर्वेक्षण का ब्योरा **अनुबंध** में दिया गया है। कर्नाटक राज्य द्वारा ओएमएमएएस पर बेलगावी जिले के लिए कोई डेटा अपलोड नहीं किया गया है।

अनुबंध

क्रम.सं.	राज्य का नाम	जिले का नाम	अनुमोदन (एनआरआईडीए द्वारा स्थिति)	कुल सर्वेक्षण	संबद्ध सर्वेक्षण	असंबद्ध सर्वेक्षण	राज्य द्वारा अनुमोदित असंबद्ध सर्वेक्षण	राज्य द्वारा लंबित असंबद्ध सर्वेक्षण	राज्य द्वारा अस्वीकृत असंबद्ध सर्वेक्षण	कुल पात्र
कुल योग				**290**	**10**	**280**	**160**	**23**	**97**	**85**
अनुमोदित				**110**	**0**	**110**	**110**	**0**	**0**	**53**
लंबित				**147**	**10**	**137**	**17**	**23**	**97**	**0**
सत्यापन				**33**	**0**	**33**	**33**	**0**	**0**	**32**
1	कर्नाटक	बागलकोट	अनुमोदित	4	0	4	4	0	0	4
2	कर्नाटक	बागलकोट	सत्यापन	2	0	2	2	0	0	2
3	कर्नाटक	बीदर	लंबित	1	0	1	0	0	1	0
4	कर्नाटक	चिकबल्लापुर	लंबित	22	0	22	0	0	22	0
5	कर्नाटक	चिकबल्लापुर	सत्यापन	2	0	2	2	0	0	2
6	कर्नाटक	चित्रदुर्ग	अनुमोदित	8	0	8	8	0	0	5
7	कर्नाटक	चित्रदुर्ग	लंबित	7	0	7	4	0	3	0
8	कर्नाटक	दक्षिण कन्नडा	अनुमोदित	31	0	31	31	0	0	10
9	कर्नाटक	दक्षिण कन्नडा	लंबित	14	0	14	1	0	13	0
10	कर्नाटक	हासन	अनुमोदित	2	0	2	2	0	0	2
11	कर्नाटक	हासन	लंबित	4	2	2	0	2	0	0
12	कर्नाटक	कोडागू	लंबित	10	0	10	0	10	0	0
13	कर्नाटक	कोलार	लंबित	2	2	0	0	0	0	0
14	कर्नाटक	कोप्पल	सत्यापन	1	0	1	1	0	0	1
15	कर्नाटक	मंड्या	अनुमोदित	2	0	2	2	0	0	0
16	कर्नाटक	मंड्या	लंबित	1	0	1	0	1	0	0
17	कर्नाटक	मैसूर	सत्यापन	2	0	2	2	0	0	2
18	कर्नाटक	रायचूर	अनुमोदित	2	0	2	2	0	0	1
19	कर्नाटक	रायचूर	लंबित	5	4	1	0	1	0	0

20	कर्नाटक	रायचूर	सत्यापन	7	0	7	7	0	0	7
21	कर्नाटक	शिमोगा	अनुमोदित	44	0	44	44	0	0	26
22	कर्नाटक	शिमोगा	लंबित	49	1	48	9	0	39	0
23	कर्नाटक	शिमोगा	सत्यापन	15	0	15	15	0	0	14
24	कर्नाटक	तुमकुर	अनुमोदित	1	0	1	1	0	0	0
25	कर्नाटक	तुमकुर	लंबित	8	0	8	0	2	6	0
26	कर्नाटक	उडुपी	अनुमोदित	7	0	7	7	0	0	3
27	कर्नाटक	उडुपी	लंबित	15	0	15	3	7	5	0
28	कर्नाटक	उडुपी	सत्यापन	4	0	4	4	0	0	4
29	कर्नाटक	उत्तर कन्नडा	अनुमोदित	9	0	9	9	0	0	2
30	कर्नाटक	उत्तर कन्नडा	लंबित	9	1	8	0	0	8	0

*****